14. यदि कोई शोधच्छात्र उक्त परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है तो उसे आगामी वर्ष की पूर्वविद्यावारिधि पाठ्यक्रम परीक्षा में एक बार पुनः बैठने का अवसर दिया जायगा। इस स्थिति में 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता नहीं होगी। ऐसे छात्र को छात्रवृत्ति नहीं दी जायगी। दूसरी बार भी अनुत्तीर्ण होने पर पञ्जीयन स्वतः निरस्त माना जायगा।

15. षाण्मासिक पूर्वविद्यावारिधि परीक्षा हेतु प्राश्निक और परीक्षक प्रोफेसर या प्रोफेसर स्तर के प्राचार्य और कुलपति होंगे।

16. षाण्मासिक पूर्वविद्यावारिधि परीक्षा के पश्चात् अधिकतम 30 दिनों के अन्दर शोधप्रारूप स्थानीय शोध अध्ययन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, उस पर निर्धारित अवधि में केन्द्रीय शोधअध्ययन मण्डल द्वारा विचार किया जायगा।

17. शोध प्रस्ताव का प्रारूप

निम्नलिखित विवरण के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा –

1. प्रस्तावना, 2. प्रयोजन, 3. औचित्य, 4. ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, 5. सर्वेक्षण 6. शोध प्रविधि, 7. प्राक्कल्पना

8. सन्दर्भ ग्रन्थ सूची –



यदि शोध-विषय पाण्डुलिपि संपादन से सम्बद्ध हो तो पाण्डुलिपि की भाषा, लिपि, पत्र संख्या, अक्षर, पंक्ति, पूर्ण/अपूर्ण, त्रुटि, आकार, काल-निर्धारण, पाण्डुलिपि प्राप्ति, प्राप्ति के सम्भावित स्रोत आदि का उल्लेख आवश्यक है।

18. शोधप्रारूप प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर उक्त शोधप्रारूपों को केन्द्रीय शोध अध्ययन मण्डल के लिए परिसर द्वारा उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

19. शोधमार्गनिर्देशक बनने के लिए विद्यावारिधि/पीएच्.डी. उपाधि सहित न्यूनतम तीन वर्षों का नियमित सहायक आचार्य के रूप में अनुभव अनिवार्य होगा।

20. परिसर में प्रवेश स्वीकृत होने पर प्रत्येक छात्र को निम्नलिखित शुल्क एवं सुरक्षित धनराशि (रूपये में) पूरी अवधि के लिए आरम्भ में ही जमा करनी होगी–

शुल्क विवरण	विद्यावारिधि (शोध)
1. प्रवेश आवेदन पत्र	100
2. प्रवेश	150
3. सुरक्षित धन पुस्तकालय	500
4. नामांकन	100
5. परिचय पत्र	50
6. पत्रिका (प्रतिवर्ष)	100
7. क्रीड़ा (प्रतिवर्ष)	100
8. छात्रकोष	500
9. विविध प्रवृत्ति/कलाकृति	200
10. परीक्षा शुल्क	500

टिप्पणी :- परिचय पत्र खो जाने, नष्ट होने पर पुनः परिचय पत्र हेतु शुल्क 50/- देय होगा।

21. एक मार्गदर्शक के अधीन एककालावच्छेदेन निम्नलिखित विवरण के अनुसार अधिकतम छात्रसंख्या निर्धारित करने की संस्तुति की गयी।

क्र.	पद	अधिकतम छात्र संख्या
क.	प्राचार्य/आचार्य	10
ख.	सहाचार्य	08

ग. सहायकाचार्य 06

22. पञ्जीयन तिथि से पाँच वर्ष या शोध प्रबन्ध समर्पण तिथि, जो भी पहले हो, तक मार्गदर्शक की सीट भरी हुई मानी जायगी। पूर्व में पञ्जीकृत शोध-छात्रों के लिए भी यह नियम लागू होगा।

23. CVVET उत्तीर्ण होने के बाद शोध छात्र का पाँच वर्षों के लिए पञ्जीयन किया जायगा। पञ्जीकरण की तिथि से कम से कम 24 माह (दो वर्ष) के बाद शोधकर्त्ता अपने शोध-प्रबन्ध को किसी भी समय परीक्षणार्थ प्रस्तुत कर सकता है। 5 वर्षो में शोधकार्य पूर्ण नहीं होने पर अत्यन्त अपरिहार्य स्थिति में 24 माह (दो वर्ष) के लिए निर्धारित शुल्क (रु. 1000/-) जमा कर पुनः पञ्जीकरण करा सकता है। इसके लिए स्थानीय शोधअध्ययन समिति द्वारा विलम्ब के कारणों के उल्लेख पूर्वक संस्तुति आवश्यक होगी।

24. पुनः पञ्जीयन की स्थिति में मार्गदर्शक की सीट सात वर्ष या शोध प्रबन्ध समर्पण तिथि, जो भी पहले हो तक भरी हुई मानी जाएगी।

25. षाणमासिक पाठ्यक्रम सफलता पूर्वक पूर्ण कर प्रतिपत्र 50 प्रतिशत अङ्क प्राप्त करने के बाद यदि किसी शोधच्छात्र को शैक्षिक पदों पर नौकरी मिलती है तो उन्हें अपने नियोक्ता के द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर इस शर्त पर अंशकालिक रूप से विद्यावारिधि करने की अनुमति दी जा सकेगी। वे प्रति 06 माह में स्थानीय शोध अध्ययन समिति की बैठक में अपने शोधकार्य की प्रगति विवरण से उन्हें अवगत करावेंगें। यदि स्थानीय शोध अध्ययन समिति कार्य से असन्तुष्ट होता है या शोधच्छात्र स्थानीय शोध अध्ययन समिति के समक्ष उपस्थित नहीं होता है तो तत्काल प्रभाव से पञ्जीयन निरस्त माना जायगा। लेकिन शोधच्छात्र की गम्भीर अस्वस्थता की स्थिति में (चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र की प्रस्तुति पर) मार्गदर्शक के द्वारा शोध कार्य की प्रगति शोध अध्ययन समिति के समक्ष उपस्थापित करने की छूट होगी।

26. विद्यावारिधि में पञ्जीयन और शोधप्रबन्ध समर्पण के मध्य किसी भी प्रकार के अन्य पाठ्यक्रम में अध्ययन/परीक्षा की अनुमति नहीं दी जायगी।

27. अन्तः शास्त्रीय सम्बन्ध वाले विषय में शोध कार्य करने के लिए दोनों सम्बद्ध विषयों के मार्गदर्शक होंगे और शोधप्रबन्ध समर्पण तिथि या पाँच वर्ष जो भी पहले हो, तक दोनों की सीट भरी हुई मानी जायगी।

28. अन्तः शास्त्रीय सम्बन्ध वाले शोध विषयों के लिए संस्थान से बाहर के तुल्ययोग्यताधारी विद्वान् भी अपने नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ सह-मार्गनिर्देशक नियुक्त हो सकेंगे। इसके लिए किसी भी प्रकार का आर्थिक भार संस्थान वहन नहीं करेगा।

29. केन्द्रीय शोध अध्ययन मण्डल द्वारा शोध प्रस्ताव अस्वीकृत होने पर केन्द्रीय शोध मण्डल की अग्रिम प्रथम बैठक में एक बार पुनः शोध प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अवसर दिया जायगा फिर भी यदि शोध प्रस्ताव अस्वीकृत होता है तो पञ्जीयन स्वतः निरस्त माना जायगा।

30. सभी शोधच्छात्रों को सप्ताह में 05 घण्टे सम्बद्ध परिसर में अध्यापन करना अनिवार्य होगा।

31. प्रति वर्ष शोधकार्य से सम्बन्धित एक शोधपत्र संस्कृत भाषा में लिखना अनिवार्य होगा।

32. छात्रवृत्ति प्राप्ति के लिए अन्य योग्यताओं के साथ 75 प्रतिशत प्रतिमास उपस्थिति एवं उत्तम आचरण भी अनिवार्य होगा।

33. CVVET में आवेदन करते समय उल्लिखित परिसर में ही शोधकार्य करना होगा।

34. मार्गदर्शक के स्थानान्तरण होने पर परिसर परिवर्तन किया जा सकेगा। मार्गदर्शक के साथ शोधच्छात्र के स्थानान्तरण होने पर परिसर की वह छात्रवृत्ति भी शोधच्छात्र के साथ स्थानान्तरित मानी जायगी।

35. मार्गदर्शक के स्थानान्तरण होने पर छात्र यदि चाहे तो मार्गदर्शक की सहमति से उसी परिसर में सह-मार्गनिर्देशक बनाने के लिए निवेदन कर सकता है। मार्गदर्शक की सेवानिवृत्ति होने पर भी मार्ग दर्शक यदि चाहें तो वे मार्ग दर्शक बने रह सकते हैं। इसके लिए परिसर किसी भी प्रकार का वित्तीय भार वहन नहीं करेगा।

36. 18 महीनों तक शोधकार्य करने के बाद मार्गदर्शक-परिवर्तन का अधिकार नहीं होगा।

37. 18 महीनों से पूर्व भी मार्गनिर्देशक-परिवर्तन का अधिकार इस शर्त के साथ होगा कि मुक्त करने वाले और ग्रहण करने वाले दोनों मार्गदर्शकों की अनापत्ति हो।

38. मार्गदर्शक का परिवर्तन स्थानीय शोध अध्ययन समिति की अनुशंसा पर केन्द्रीय शोध अध्ययन मण्डल द्वारा किया जा सकेगा।

39. शोधच्छात्रवृत्ति की स्वीकृति स्थानीय शोध अध्ययन समिति द्वारा मात्र 02 वर्षो के लिए की जायगी। प्रगति सन्तोषजनक होने की स्थिति में स्थानीय शोध अध्ययन समिति द्वारा 06-06 महीनों की अवधि वृद्धि की जायगी। छात्रवृत्ति की अधिकतम अवधि तीन वर्षों तक होगी, इसमें षाण्मासिक शोध-प्रविधि पाठ्यक्रम का समय भी गिना जायगा। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्र प्रतिमाह 7 तारीख तक प्रगति विवरण मार्गदर्शक की अनुशंसा और स्थानीय विभागाध्यक्ष के अग्रसारण के साथ परिसर कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। परिसर प्रतिमाह 15 तारीख तक अनिवार्य रूप से छात्रवृत्ति का भुगतान किया करेगा।

शोधकार्य प्रगति का मानक एवं अवधि-

प्रथम षाण्मासिक- सत्रार्धपाठ्यक्रम, द्वितीय षाण्मासिक-25% कार्य, तृतीय षाण्मासिक-50% कार्य, चतुर्थ षाण्मासिक-75% कार्य, पंचम षाण्मासिक-100% कार्य, षष्ठ षाण्मासिक से अन्तिम षाण्मासिक तक टंकण एवं प्री सबमिशन आदि। प्रति छः महीने में स्थानीय शोध समिति की बैठक आहूत करना और शोध प्रगति की समीक्षा करना परिसर का दायित्व होगा। संस्थान मुख्यालय से इस कार्य के लिए पृथक् से किसी प्रकार की सूचना आदि निर्गत नहीं होगी। स्थानीय शोध अध्ययन समिति प्रति छः माह में

M 2882

नियमित/व्यक्तिगत/अंशकालिक/छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले/बिना छात्रवृत्ति के शोध कार्य करने वाले सभी के शोधकार्यो की समीक्षा करेगी और कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा करेगी।

40. सांयोगिक राशि की अवधि तीन वर्षों तक होगी। इसमें षाण्मासिक शोध-प्रविधि पाठ्यक्रम का समय भी गिना जायगा। सांयोगिक धनराशि छात्र द्वारा प्रस्तुत व्यय-विवरण के आधार पर प्रदान की जायेगी। शोधच्छात्र यह धनराशि पुस्तक-क्रय, शोध-सम्बन्धी यात्रा, लेखन तथा टंकण सम्बन्धी कार्यों में व्यय कर सकता है।

41. शोधार्थी को 8000.00 रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति तथा 10,000.00 रुपये प्रति वर्ष सांयोगिक राशि दी जायेगी।

42. नियमित शोधच्छात्र की प्रत्येक माह में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। अध्यापक शोधार्थी के लिए उपस्थिति की अनिवार्यता मात्र षाण्मासिक पाठ्यक्रम के लिए होगी।

43. शोधछात्रों के लिए वर्ष में अधिकतम 30 दिनों का अवकाश मान्य होगा। साथ ही 60 दिनों का शैक्षिक अवकाश भी मान्य होगा। इनके अतिरिक्त अन्य अवकाश मान्य नही होंगे। महिलाओं के लिए उक्त अवकाश के अतिरिक्त 180 दिनों का प्रसूति अवकाश सम्पूर्ण शोध अवधि में एक बार छात्रवृत्ति सहित मान्य होगा। उक्त अवधि में भी शोधप्रगति स्थानीय शोध समिति के समक्ष दिखानी होगी।

44. शोध अवधि में शोधकार्य के लिए शोधच्छात्र किसी अन्य विश्वविद्यालय अथवा पुस्तकालय अथवा संस्था में निर्देशक की संस्तुति तथा प्राचार्य की अनुमति से जा सकते हैं। संस्थान मुख्यालय के शोध छात्र निर्देशक की संस्तुति तथा शोध एवं प्रकाशन विभाग के प्रमुख की अनुमति से जा सकते हैं, इस अवधि की गणना भी शैक्षिक अवकाश में होगी। इस अवधि में उनकी उपस्थिति मानी जायेगी।

45. परिसर द्वारा आयोजित विभिन्न संगोष्ठियों, व्याख्यानमालाओं आदि में नियमित शोधच्छात्र की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

46. प्रत्येक शोधच्छात्र को अपनी शोध अवधि के प्रत्येक वर्ष में शोध-विषय से सम्बन्धित कम से कम दो शोधपत्र परिसर की शोधसंगोष्ठी में प्रस्तुत करने अनिवार्य होंगे।

47. शोधप्रबन्ध समर्पण से न्यूनतम 90 दिन पूर्व शोध प्रबन्ध समर्पण पूर्व प्रस्तुति परिसरीय समिति के समक्ष करनी होगी। परिसरीय समिति में मार्गदर्शक, सभी स्थानीय विभागाध्यक्ष, प्राचार्य और शोधच्छात्र सम्मिलित होंगे।

48. संस्थान में जिन विषयों में स्नातकोत्तर स्तर का अध्यापन होता है उन विषयों में और अन्तः शास्त्रीय सम्बद्ध विषयों में ही शोधोपाधि हेतु पञ्जीयन होगा।

49. शोध प्रबन्ध समर्पण से न्यूनतम 90 दिन पूर्व मार्गदर्शक, स्थानीय सम्बद्ध विभागाध्यक्ष और प्राचार्य की समिति द्वारा सम्बद्ध विषयक 6 सहाचार्य/आचार्य या तत्समकक्ष पदधारी शिक्षकों का नाम कुलपति को प्रेषित किया जायगा जिनमें से कुलपति द्वारा किन्हीं तीन को परीक्षक नियुक्त किया जायगा।

50. संस्थान से शोध प्रबन्ध निर्गम तिथि से अधिकतम 60 दिनों के अन्दर शोधप्रबन्धपरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में परीक्षक की नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जायगी और परिसर से प्रेषित परीक्षकों के पैनल से कुलपति द्वारा अन्य परीक्षक की नियुक्ति की जा सकेगी।

51. तीन में से दो परीक्षकों की अनुकूल अनुशंसा पर मौखिक परीक्षा का आयोजन किया जा सकेगा।

52. मौखिक परीक्षा सम्बद्ध परिसर में आयोजित होगी। जिसमें मार्गदर्शक संयोजक होंगें और परिसर के प्राचार्य, उनकी अनुपस्थिति में वरिष्ठ आचार्य और स्थानीय विभागाध्यक्ष उपस्थित रहेंगें। चूँकि मौखिकी सार्वजनिक है अतः छात्रों और अध्यापकों को भी मौखिकी परीक्षा के समय यथासंभव उपस्थित होने के लिए सूचना दी जायगी।

53. मार्गदर्शक की अनुपस्थिति में स्थानीय विभागाध्यक्ष संयोजक का कार्य करेंगें।

54. मौखिकी परीक्षा में असफल होने पर 06 महीने के अन्दर पुनः मौखिकी परीक्षा का आयोजन किया जा सकेगा। फिर भी असफल होने पर विद्यावारिधि शोधप्रबन्ध की समस्त प्रक्रिया निरस्त मानी जायगी।

55. छात्रवृत्ति में अन्य पिछड़ी जाति, अनु. जाति एवं जन जाति और विकलांगो को नियमानुसार आरक्षण की दृष्टि से प्रति परिसर 15 छात्रवृत्ति की वृद्धि की जा सकती है ताकि आरक्षण लागू किया जा सके। आचार्य/एम.ए. (संस्कृत) में प्राप्तांक के आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान की जायगी।

56. छात्रवृत्ति का विभाजन तुल्यसंख्या में विभाग के अनुसार किया जायगा ताकि सभी विषयों/विभागों का संरक्षण हो सके।

57. शोध प्रबन्ध समर्पण के साथ शोधप्रबन्ध की डी.वी.डी. शोध प्रबन्ध के साथ प्रेषित करना अनिवार्य होगा जिसे संस्थान के वेबसाईट पर स्थापित किया जा सकेगा।

58. शोध प्रबन्ध समर्पण तिथि से अधिकतम 06 महीने के अन्दर परिणाम घोषित करना संस्थान की प्राथमिकता होगी।

59. षाण्मासिक पाठ्यक्रम में 100-100 अङ्कों के तीन पत्र होंगे जिनमें प्रतिपत्र 50-50 अङ्क प्राप्त होने पर ही उत्तीर्ण माना जाएगा।

60. शोध प्रबन्ध की भाषा संस्कृत होगी, जिसे केवल देवनागरी में लिपिबद्ध किया जा सकेगा।

61. शोध-छात्र शोधप्रबन्ध की टंकित/मुद्रित सुवाच्य सात प्रतियाँ मार्गनिर्देशक के पास प्रस्तुत करेगा, उन्हें मार्गनिर्देशक प्रमाणित कर प्राचार्य द्वारा अग्रसारित कराकर परिसर कार्यालय में जमा करेंगे। उनमें से चार प्रतियाँ राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के परीक्षा अथवा शोध-विभाग को मूल्यांकन हेतु प्रेषित करेंगे। शेष तीन प्रतियाँ क्रमशः परिसर-पुस्तकालय तथा मार्गनिर्देशक एवं छात्र को समर्पित की जायेगी।

62. शोधनिर्देशक शोधप्रबन्ध को प्रमाणित करते हुए यह उल्लेख करेंगे कि यह शोधप्रबन्ध शोधछात्र का मौलिक कार्य है और शोधार्थी ने नियमानुसार आवश्यक अवधि तक उसके निर्देशकत्व में शोध कार्य किया है।

63. शोधार्थी राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानितविश्वविद्यालय) द्वारा निर्धारित आवश्यक शुल्क परिसर में जमा करेगा। साथ ही परिसर से सम्बन्धित विभागों (पुस्तकालय, संग्रहालय, क्रीडा, छात्रवास आदि) से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर परिसर कार्यालय मे जमा करेगा।

64. मूल्यांकन के लिए चार शोध प्रबन्ध प्रेषित किए जायेंगे इस हेतु रु. 1225.00 का डिमांड ड्राफ्ट छात्र द्वारा **कुलपति, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली** के पक्ष में शोध प्रबन्ध के साथ देय होगा। इसके साथ

– छात्र का पूर्ण विवरण।

– प्राचार्य द्वारा सत्यापन एवं अग्रसारण प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

65. शोधप्रबन्ध के परीक्षा सम्बन्धी निर्देश के सम्बन्ध में प्रत्येक शोध-प्रबन्ध-परीक्षक का यह कर्तव्य होगा कि वह अपना प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में अपनी संस्तुति के साथ निम्नलिखित विषयों से सम्बन्धित स्पष्ट टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए स्वतन्त्र रूप से भी प्रस्तुत करें : -

(क) शोधप्रबन्ध विद्यावारिधि उपाधि योग्य है।

(ख) शोधप्रबन्ध विद्यावारिधि उपाधि योग्य नहीं है।

(ग) शोधप्रबन्ध निर्देशित स्थलों/अध्यायों में/पूर्णरूप से संशोधन के योग्य है।

(घ) शोधप्रबन्ध विद्यावारिधि उपाधि योग्य है प्रकाशन के योग्य भी है।

(ङ) शोधप्रबन्ध विद्यावारिधि उपाधि योग्य है किन्तु प्रकाशन के योग्य नहीं है।

परीक्षक के लिए अनिवार्य है कि वह अपनी संस्तुति के आधारभूत कारणों का विवरण प्रतिवेदन में स्पष्ट रूप से अंकित करें।

66. विद्यावारिधि प्रवेश हेतु निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

1. पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं की उत्तीर्णता के विषय में विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से प्राप्त प्रमाण पत्र।
2. जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण पत्र) जिसमें जन्म तिथि भी प्रमाणित की गई हो।
3. चरित्र प्रमाण पत्र (पूर्व संस्था के प्राचार्य द्वारा)
4. स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी.सी.)।
5. निष्क्रमण प्रमाण पत्र (माईग्रेशन सर्टिफिकेट)।

19 2.82

6. अनुसूचित जाति/जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को जिलाधिकारी/तहसीलदार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र।

आवेदक को अपने आवेदन पत्र के साथ उपर्युक्त प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपियां अवश्य संलग्न करनी होगी। प्रवेश के समय मूल प्रमाण-पत्र मांगने पर दिखाना अनिवार्य होगा। अस्पष्ट एवं असत्यापित प्रमाण पत्रादि प्रवेशार्थ स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

67. सुरक्षित धनराशि (पुस्तकालय प्रतिभूति शुल्क)

(क) यदि प्रवेश प्राप्त छात्र संस्थान परिसर छोड़कर जाता है तो उसे सुरक्षित धनराशि के अतिरिक्त लिया गया कोई भी शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।

(ख) उपर्युक्त धनराशि छात्र द्वारा नगद रूप में देय होगी । चेक अथवा ड्राफ्ट के रूप में स्वीकार नही किया जायेगा ।

(ग) सुरक्षित धनराशि विद्यावारिधि उपाधि प्राप्त होने पर ही लौटायी जायेगी।

68. **आचार संहिता** : परिसर के सभी छात्र अनुशासन के समस्त नियमों का पालन करेंगे–

1. छात्र को आत्मानुशासन का पालन करना होगा और नियमित उपस्थिति रखनी होगी।
2. छात्रों को किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता पर उन्हें यथोचित दण्ड दिया जायेगा। छात्रों द्वारा अत्यन्त गम्भीर दुर्व्यवहार या अनुशासनहीनता का दोषी पाये जाने पर/प्रमाणित होने पर अनुशासन समिति की अनुशंसा पर छात्र को संस्थान से निष्कासित किया जा सकेगा।
3. संस्थान के समस्त परिसर में मादक पदार्थों, धूम्रपान आदि का सेवन सर्वथा वर्जित है।
4. कोई छात्र यदि परिसर की सम्पत्ति का नुकसान करता है तो वह अनुशासनात्मक कार्यवाही के योग्य माना जायेगा तथा नुकसान हुई सम्पत्ति की भरपाई के लिए वह जिम्मेदार होगा।
5. छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे परिसर की गरिमा को बनाए रखेंगे।
6. परिसर में स्वयं या उनके द्वारा हिंसा फैलाने, शान्ति भंग करने, अपनी बात जर्बदस्ती मनवाने का प्रयास करने पर परिसर की अनुशंसा समिति उस छात्र को दण्डित कर सकती है।
7. अनुशासन समिति की अनुंशसा पर प्राचार्य का निर्णय अन्तिम होगा।
8. परिसर में कालांश के समय छात्रों द्वारा मोबाइल फोन का उपयोग वर्जित है।

69. रैगिंग निषेध अधिनियम : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग रैगिंग निषेध अधिनियम - 2009 के नियम-6.3 (क) दिनांक 17 जून 2009 के अनुसार परिसरों में रैगिंग दण्डनीय अपराध है।

रैगिंग में निम्नलिखित अपराध सम्मिलित हैं –

1. रैगिंग हेतु उकसाना।

2182

2. रैगिंग का आपराधिक षड्यंत्र।

3. रैगिंग के समय अवैध ढंग से एकत्र होना तथा उत्पात करना।

4. रैगिंग के समय जनता को बाधित करना।

5. रैगिंग के द्वारा शालीनता और नैतिकता भंग करना।

6. शरीर को चोट पहुँचाना।

7. गलत ढंग से रोकना।

8. आपराधिक बल प्रयोग।

9. प्रहार करना, यौन सम्बन्धी अपराध अथवा अप्राकृतिक अपराध।

10. बलात् ग्रहण।

11. आपराधिक ढंग से बिना अधिकार दूसरे के स्थान में प्रवेश करना।

12. सम्पत्ति से सम्बन्धित अपराध।

13. आपराधिक धमकी ।

14. मुसीबत में फँसे व्यक्तियों के प्रति उपर्युक्त में से कोई अथवा सभी अपराध करना।

15. उपर्युक्त में से कोई एक अथवा सभी अपराध पीड़ित के विरुद्ध करने हेतु धमकाना।

16. शारीरिक अथवा मानसिक रूप से अपमानित करना।

17. रैगिंग की परिभाषा से सम्बन्धित सभी अपराध।

70. रैगिंग के अन्तर्गत आने वाले कार्य :

निम्नलिखित कोई एक अथवा अनेक कार्य रैगिंग के अन्तर्गत आएँगे -

क) किसी छात्र अथवा छात्रों द्वारा नए आने वाले छात्र का मौखिक शब्दों अथवा लिखित वाणी द्वारा उत्पीड़न अथवा दुर्व्यवहार करना।

ख) छात्र अथवा छात्रों द्वारा अनुशासनहीनता का वातावरण बनाना, जिससे नए छात्र को कष्ट, आक्रोश, कठिनाई, शारीरिक अथवा मानसिक पीड़ा हो।

ग) किसी छात्र से ऐसे कार्य को करने के लिए कहना जो वह सामान्य स्थिति में न करे तथा जिससे छात्र में लज्जा, पीड़ा अथवा भय की भावना उत्पन्न हो।

घ) वरिष्ठ छात्र द्वारा किया गया कोई ऐसा कार्य जो किसी अन्य अथवा नए छात्र के चलते हुए शैक्षिक कार्य में बाधा पहुँचाएं।

ङ) नए अथवा किसी अन्य छात्र का दूसरों को दिए गए शैक्षिक कार्य को करने हेतु बाध्य कर शोषण करना।

च) नए छात्र का किसी भी प्रकार से आर्थिक शोषण करना।

छ) शारीरिक शोषण को कोई भी कार्य/किसी भी प्रकार का यौन शोषण, समलैंगिक प्रहार, नंगा करना, अश्लील तथा काम सम्बन्धी कार्य हेतु विवश करना, अंग चालन द्वारा बुरे भावों की अभिव्यक्ति करना, किसी प्रकार का शारीरिक कष्ट-जिससे किसी व्यक्ति अथवा उसके स्वास्थ्य को हानि पहुँचे।

ज) मौखिक शब्दों द्वारा किसी को गाली देना, ई-मेल, डाक, सार्वजनिक रूप से किसी को अपमानित करना या सनसनी पैदा करना जिससे नए छात्र को घबराहट हो।

झ) कोई कार्य जिससे नए छात्र के मन मस्तिष्क अथवा आत्मविश्वास पर दुष्प्रभाव पड़े। नए अथवा किसी छात्र को कुमार्ग पर ले जाना तथा उस पर किसी प्रकार की प्रभुता दिखाना।

71. संस्थाध्यक्ष द्वारा रैगिंग विरोधी की जाने वाली कार्यवाही - रैगिंग विरोधी दल अथवा सम्बन्धित किसी व्यक्ति के भी द्वारा रैगिंग की सूचना प्राप्त होने पर संस्थाध्यक्ष तुरन्त सुनिश्चित करें कि क्या कोई अवैध घटना हुई है और यदि हुई है तो वह स्वयं अथवा उसके द्वारा अधिकृत रैगिंग विरोधी समिति से सूचना प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराएं अथवा रैगिंग से सम्बन्धित विधि के अनुसार संस्तुति दें।

72. रैगिंग की घटनाओं पर प्रशासनिक कार्यवाही - रैगिंग निषेध अधिनियम - 2009 के नियम 9.1 (ख) के अनुसार रैगिंग में संलिप्त छात्र/छात्रा के लिए दण्ड का प्रावधान है। किसी छात्र को रैगिंग का दोषी पाए जाने पर संस्था द्वारा निम्नलिखित विधि अनुसार दण्ड दिया जाएगा–

क. रैगिंग विरोधी समिति उचित दण्ड के सम्बन्ध में उचित निर्णय लेगी अथवा रैगिंग की घटना के स्वरूप एवं गम्भीरता को देखते हुए रैगिंग विरोधी दल दण्ड हेतु अपनी संस्तुति देगा।

ख. रैगिंग विरोधी समिति रैगिंग विरोधी दल द्वारा निर्धारित किए गए अपराध के स्वरूप और गम्भीरता को देखते हुए निम्नलिखित में कोई एक अथवा अनेक दण्ड होंगे।

1. कक्षा में उपस्थिति होने तथा शैक्षिक अधिकारियों से निलम्बन।
2. छात्रवृत्ति/छात्र अध्येतावृत्ति तथा अन्य लाभों को रोकना/वंचित करना।
3. किसी टेस्ट/परीक्षा अथवा अन्य मूल्यांकन प्रक्रिया में उपस्थिति होने से वंचित करना।
4. परीक्षाफल रोकना।
5. किसी प्रादेशिक, राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय मीट, खेल, युवा महोत्सव आदि में संस्था का प्रतिनिधित्व करने से वंचित करना।
6. छात्रावास से निष्कासित करना।
7. प्रवेश रद्द करना।

8. संस्था से चार सत्रों तक के लिए निष्कासन करना।

9. रैगिंग करने अथवा रैगिंग करने के लिए भड़काने वाले व्यक्तियों की पहचान न हो सके तो संस्थान सामूहिक दण्ड का आश्रय ले।

ग. रैगिंग विरोधी समिति द्वारा दिए गए दण्ड के विरुद्ध अपील (प्रार्थना) निम्नलिखित से की जा सकेगी–

1. किसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान होने पर कुलपति से।

2. विश्वविद्यालय का आदेश होने पर कुलाधिपति से।

3. संसद के अधिनियम के अनुसार निर्मित राष्ट्रीय महत्व की संस्था होने पर उसके चेयरमेन अथवा चांसलर से अथवा स्थिति के अनुसार।

73. छात्रों को प्रदेय सुविधाएँ :

ग्रन्थालय सुविधा

ग्रन्थालय -नियम

1. संस्थान में प्रवेश लेने वाले छात्र पुस्तकालय में सुरक्षित धन जमा करवाकर पुस्तकालय के सदस्य बन सकते हैं।

2. विद्यार्थी को 15 दिनों के लिये पुस्तकें दी जाती हैं। यदि पुस्तक निर्धारित समय पर जमा नहीं की जायेगी तो प्रत्येक पुस्तक के लिए विलम्ब शुल्क देना होगा।

3. सन्दर्भ ग्रन्थ, दुर्लभ एवं बहुमूल्य पुस्तकें पुस्तकालय से निर्गत नहीं की जायेंगी।

4. पुस्तक खो जाने अथवा खराब हो जाने की स्थिति में पुस्तक लेने वाले को वैसी ही पुस्तक लाकर देनी होगी अथवा नियमानुसार उसका मूल्य चुकाना होगा। अत: पाठक को पुस्तकें भली-भाँति देखकर लेनी चाहिए।

5. पुस्तकों पर पेन, पेन्सिल आदि से लिखना या चिन्ह लगाना वर्जित है।

6. शोध प्रबन्ध जमा करने से पूर्व सभी पुस्तकें वापस करना अनिवार्य है, अन्यथा परिसर द्वारा शोध प्रबन्ध अग्रसारित नहीं किया जायेगा ।

7. प्रत्येक सदस्य छात्र को 3 पाठक पत्र (कार्ड) दिये जायेंगे जो अहस्तांतरणीय होंगे।

8. पुस्तकालय में शान्तिपूर्वक रहना अपेक्षित है।

9. पत्रिकायें पढ़कर यथास्थान रखना होगा। बिना स्वीकृति के किसी भी पुस्तक अथवा पत्रिका को पुस्तकालय से बाहर ले जाना वर्जित है।

10. पुस्तकालय के नियम भंग करने की स्थिति में पुस्तकालय के किसी भी सदस्य की सदस्यता समाप्त करने का अधिकार संस्था प्रधान को होगा।

11. आवश्यक होने पर सदस्य से पुस्तकें समय से पूर्व भी वापस लौटायी जा सकेगी।

दिनांक 04.06.14 को सम्पन्न एकेडमिक कौंसिल की मद संख्या 12 के अनुसार केन्द्रीय शोध अध्ययन मण्डल एवं स्थानीय शोध अध्ययन समिति की संरचना निम्नलिखित है-

Rashtriya Sanskrit Sansthan
[Deemed University]
New Delhi- 110058

Terms of reference and composition of Central Board of Research Studies

General Information

Board	-	Central Board of Research Studies
Reporting to	-	Academic Council
Effective Date	-	Date of approval of Academic Council
Sub-Committee	-	Local committee on Research Studies at Campuses of Sansthan
Quorum	-	50% of the members + One (Chairman)

Terms of Reference

The Central Board of Research Studies, a committee of the Academic Council, promotes and supports the research and research training goals in Rashtriya Sanskrit Sansthan's strategic plan. It is a key machanism for developing the stragic and systems to ensure sustained excellence in research, research training and knowledge transfer.

- The powers, duties and function of the Central Board of Research Studies shall be-
- To formulate recommendations and policy for the strategic development of research and research training, in conjunction with other relevant committees of Rashtriya Sanskrit Sansthan.
- To monitor operational goals with in the context of Rashtriya Sanskrit Sansthan's Strategic plan;
- To monitor and enhace the quality of Rashtriya Sanskrit Sansthan's research proformance and research environment.
- To advise the Academic Council on:
  -National and International trends on the development of proformance indicators for research:
  - The appropriate use of funds allocated to research and research infrastructure:
  - Proposals for change in policy: and
  - To consider and recommend proposals for research studies recommended by local committee for acceptance by academic council.
  - Any other research related matters that may from time to time be referred to it.

- To provide a forum for high level discussion of strategic research issues and initiatives to transmit to the academic council a report consisting of the minutes of its meetings that involve recommendations.

Composition

Ex-officio	-	Vice-Chancellor	-	Chairman
		Registrar	-	Member
		I/c Research	-	Member Secretary
Appointed	-	Dean of each faculty	-	Member
		One Professor/Principal of Subjects of Research (Vedanta, Sankhyoga, Nyaya Vaishishak, Puranethihas, Vyakarana, Jyotish, Dharamshastra, Shiksha Shastra, Mimansa, Bauddhadarshan, Jaindarshan, Sahitya, Veda) to be considered by Board. (to be appointed Annually by VC)	-	Member
Nominated	-	Three representatives from the Sanskrit Universities		
		(incl. B.H.U.) by rotation	-	Member

Terms of reference and composition of Local-committee of the Campus

General Information

Board	-	Local-committee of Research Studies
Reporting to	-	Central Board of Research Studies
Effective Date	-	Date of approval of Acdemic Council
Quorum	-	50% of the Members + One

Terms of Reference of the local-committee

The local committee of research studies will be a committee at each campuses of sansthan for the Central Board of Research Studies, which promotes and supports the research and research traning goals in the campus-strategic-plan. It is a key machanism for developing the stragic and systems to ensure

19 2182

sustained excellence in research, research training and knowledge transfer particularly in context of campus concerned.

- The powers, duties and function of the Local-committee shall be-
- To formulate recommendations and policy for the strategic development of research and research training, in conjunction with other relevant committees of Rashtriya Sanskrit Sansthan.
- To monitor operational goals with in the context of Rashtriya Sanskrit Sansthan's Strategic plan;
- To monitor and enhance the quality of the campus – research proformance and research environment.
- To advise the Central Board fo Research Studies on:
  -National and International trends on the development of proformance indicators for research:
  - The appropriate use of funds allocated to research and research infrastructure:
  - Proposals for change in policy: and
  - To consider and recommend proposals for research studies recommended by supervisior for acceptance by Central Board of Research Studies.
  - Any other research related matters that may from time to time be referred to it.
- To provide a forum for high level discussion of strategic research issues and initiatives to transmit to the academic council a report consisting of the minutes of its meetings that involve recommendations.

Composition of Local-committee

Ex-officio	-	Principal	-	Chairman
		I/c Research	-	Member Secretary
Appointed	-	Head of each Department	-	Member
		Two local external scholars of University/Institute/ College to be invited by the Principal.	-	Member

(प्रो. शशि प्रभा कुमार)
अध्यक्ष

(प्रो. सर्वनारायण झा)
सदस्य /सचिव